CAREERINDIA

**SET – 4**

**Series : GBM/1**

कोड नं.
**Code No.** **69/1**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# HOME SCIENCE (Theory)

www.careerindia

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **25** प्रश्न हैं ।

(iii) प्रश्न-संख्या **1** से **6** तक **एक** अंक के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **एक** या **दो** लाइन में दीजिए ।

(iv) प्रश्न-संख्या **7** से **13** तक **दो** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **10** से **20** शब्दों में दीजिए ।

(v) प्रश्न-संख्या **14** एवं **15** **तीन** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **20** से **30** शब्दों में दीजिए ।

(vi) प्रश्न-संख्या **16** से **21** तक **चार** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **40** शब्दों में दीजिए ।

(vii) प्रश्न-संख्या **22** से **25** तक **पाँच** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **50** से **60** शब्दों में दीजिए ।

(viii) जहाँ आवश्यक हो उपयुक्त उदाहरण सहित उत्तर दीजिए ।

**General Instructions :**

(i) **All** questions are compulsory.
(ii) There are total **25** questions.
(iii) Question nos. **1-6** are of **1** mark, to be answered in **one** or **two** lines.
(iv) Question nos. **7-13** are of **2** marks, to be answered in **10-20** words.
(v) Question nos. **14** & **15** are of **3** marks, to be answered in **20-30** words.
(vi) Question nos. **16-21** are of **4** marks, to be answered in **40** words.
(vii) Question nos. **22-25** are of **5** marks, to be answered in **50-60** words.
(viii) Support your answer with suitable examples wherever required.

1. गेहूँ के आटे का थैला एवं आम के आचार की शीशी खरीदते समय, fssai के अतिरिक्त आपको उन पर लगे कौन से मानक चिह्नों की जाँच करनी चाहिए ?

   Other than *fssai,* mention the standard marks you should check while buying a bag of wheat flour and a bottle of mango pickle. **1**

2. मनरेगा (MGNREGA) के अन्तर्गत कार्यकर्त्ताओं को कार्यस्थल पर कौन सी दो सुविधाएँ दी जाती हैं ?

   List any two facilities which are provided for the workers at the worksite, under MGNREGA. **1**

3. आई. सी. डी. एस. (ICDS) के कार्यकर्त्ताओं को एक गर्भवती महिला को दी जाने वाली प्रोटीन की दैनिक आवश्यकता में किये गये संशोधन से अवगत कराएँ।

   Inform the staff at the ICDS centre about the change in daily need of protein for pregnant women. **1**

4. रेशमी साड़ी की गुणवत्ता व शुद्धता को दर्शाने वाले चिह्न का चित्र बनाएँ।

   Draw a symbol which indicates the quality and purity of a silk sari. **1**

5. एक पोशाक के लेबल पर 'टम्बल ड्राई न करें' एवं 'कम तापमान पर इस्तरी करें' जैसे निर्देशों को दर्शाने के लिए एक-एक उपयुक्त चिह्न बनाएँ।

   Draw suitable symbols for the care label of a dress that indicates that 'it should not be tumble dried' and 'should be ironed at low heat'. **1**

6. पोशाक की कटाई कपड़े की लम्बाई (selvedge) के साथ-साथ हुई है, इसका पता आपको किन दो संकेतों से चलता है ?

   Mention any two indicators by which you will know the dress has been cut along the selvedge. **1**

7. आप इंटरनेट द्वारा अपने कपड़े क्यों नहीं खरीदना चाहते, इसके चार कारण लिखें।

   Write four reasons as to why you do not like to buy your clothes through the internet. **2**

8. श्रीमती जैन ने वस्त्र विज्ञान में निपुणता प्राप्त करके एक बुटिक (boutique) स्थापित की है, जिससे उसे कोई लाभ नहीं हो रहा है । उसे अपने क्षेत्र में कारोबार को विस्तार करने के चार सुझाव दें ।

   Mrs. Jain has expertise in apparel science and has set up a boutique. She is not able to earn profit from it. Suggest her four ways to expand her business in her field. **2**

9. सेवानिवृत्ति के पश्चात् गुप्ताजी घर पर उबने लगे हैं। मन बहलाने के उद्देश्य से आप उन्हें कौन सी चार क्रियाओं को करने का सुझाव देंगे।

After retiring, Mr. Gupta gets bored at home. Suggest four activities which can help to fulfil his recreational needs. **2**

10. भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (fssai) ने किन दो कारणों से गुड़ को मिलावटी घोषित किया होगा ? ऐसे गुड़ के सेवन से स्वास्थ्य पर कौन से दो कुप्रभाव हो सकते हैं ?

What could be two conditions under which the Food Safety and Standard Authority of India (fssai) has declared the jaggery as adulterated ? List two health hazards of consuming such jaggery. **2**

11. आपका इरादा, एक प्रसिद्ध ब्रैंड का मजबूत कपड़ा, एक प्रसिद्ध दुकान से खरीदने का है। अपने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये आप कपड़े के कौन से चार गुणों की जाँच करेंगे?

You plan to buy a durable fabric of a reputed brand from a reputed shop. What four features of the fabric you need to check to ensure its durability ? **2**

12. एक शिशु की पोशाक का डिजाइन बनाते समय आप किन चार बातों की ओर अवश्य ध्यान देंगे ?

While designing a dress for an infant, what four features you will definitely keep in mind ? **2**

13. क्लोरीन की गोलियों का प्रयोग करने के पश्चात् भी पीने के पानी को असुरक्षित घोषित किया गया। इसके चार संभव कारण क्या हो सकते हैं ?

Inspite of using chlorine tablets, the drinking water was declared unsafe. What could be four possible reasons for this ? **2**

14. सोलह वर्षीय गरिमा का दोस्त गुनीश उसकी इच्छा के विरुद्ध उससे अवैध यौन सम्बन्ध बनाना चाहता है। यदि आप गरिमा होते तो अपने दोस्त को किन चार तरह से मना करते ? इनकार करने के दो कारण भी बताएँ।

Sixteen year old Garima's friend Gunish wants to get physically intimate with her against her wishes. If you were Garima, in what four ways would you have refused him ? Also give two reasons for your refusal . **3**

15. तीन कारण बताकर सुनील को अपने मासिक खर्च का लेखा-जोखा लिखने के लिये प्रेरित करें। खर्च को रेकॉर्ड करने की उचित रूपरेखा भी प्रस्तुत करें।

Convince Sunil by giving three reasons to record his monthly expenses. Present a suitable format of this recording. **3**

16. उपभोक्ता द्वारा की जाने वाली ऐसी आठ संभव गलतियों का ब्योरा दे जिनके कारण वह अपनी शिकायत उपभोक्ता न्यायालय में दर्ज नहीं करा पाता।

Elaborate eight possible mistakes a consumer makes which prevent him from filing a complaint in the consumer court. **4**

17. रसोईघर के ऐसे आठ क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ गन्दगी जमा हो जाती है और उनकी ओर ध्यान देना आवश्यक है।

Identify eight such areas in the kitchen where unhygienic conditions can develop and hence need your attention. **4**

www.careerindia.com

CAREERINDIA

18. चौबीस वर्षीय व पचास वर्षीय महिलाओं के विवाहित जीवन, व्यावसायिक जीवन, घरेलू तथा पारिवारिक जीवन में होने वाली जिम्मेदारियों की परस्पर तुलना करें ।

Compare the responsibilities of married women aged 24 and 50 years in the context to their marriage, career, home and family. **4**

19. जसप्रीत कौर एक नर्स है जो अपने माता-पिता के साथ पंजाब में रहती है । ऐसे में खाद्य पदार्थों के चयन को प्रभावित करने वाले कोई चार कारकों का संक्षिप्त ब्योरा प्रस्तुत करें । उसे परिवार के लिए आहार आयोजन करने के चार कारण बताएँ ।

Jaspreet Kaur, a nurse lives with her parents in Punjab. Briefly explain any four factors which would influence her selection of foods. Tell her four reasons why she should plan meals for her family. **4**

20. "उपभोक्ताओं की दो मुख्य समस्याएँ उपभोक्ता उत्पादनों के मूल्यों व उनसे सम्बन्धित जानकारी से जुड़ी हैं।" इस कथन की पुष्टि चार-चार उदाहरणों की मदद से करें।

"Two major problems faced by consumers are regarding information and price of consumer products." Elaborate this statement with the help of four examples each. **4**

21. अपनी पोशाक को सन्दूक मे संग्रह करने से पूर्व, रीना ने उसके धब्बे छुड़ा दिए थे। तीन माह के पश्चात् उसमें धब्बे व छिद्र देखकर उसे बहुत हैरानी हुई । दोनों प्रक्रियाओं; यानि धब्बे छुड़ाना व संग्रह करते समय उसने कौन से चार-चार कदम गलत उठाए होंगे ?

Reena removed stains from her dress before finally storing it in the box. After three months she was shocked to see patches and holes in it. State four things she did wrong in each case i.e. while removing stains and in storing the dress. **4**

22. वरिष्ठ नागरिक योजना (SCS) तथा सार्वजनिक भविष्य निधि (पी.पी.एफ) की किन्हीं पाँच विशेषताओं की तुलना कीजिए।

Compare any five features of Senior Citizen Scheme and PPF (Public Provident Fund). **5**

23. किशोरों में आए पाँच सामाजिक एवं भावात्मक बदलाव बताएँ । इन बदलावों का प्रभाव उनके व्यक्तित्व पर किस तरह से पड़ता है ?

Identify any five socio-emotional changes in adolescents. How do these changes influence their personality ? **5**

24. एक परिवार को दोपहर के भोजन में छोले-भटूरे, आचार तथा दही परोसी गई है । एक गर्भवती स्त्री तथा उच्च रक्तचाप से पीड़ित एक परिवार के सदस्य के लिए, इस आहार का मूल्यांकन करें । उनके लिए इसमें परिवर्तन भी सुझाएँ । अपने उत्तर की पुष्टि उपयुक्त कारण देकर करें ।

A family has been served chole-bhature, pickle and curd for lunch. Evaluate the adequacy of this meal for a pregnant woman and a family member suffering from hypertension. Also suggest modifications in it for them. Support your answer with adequate reasons. **5**

25. उषा स्कूल के बच्चों के लिए सलवार-कमीज़ का डिज़ाइन बनाना चाहती है। डिज़ाइन के पाँचों सिद्धान्तों का प्रयोग वह इस पोशाक में किस तरह कर करती है ? चित्रों की सहायता से समझाइए।

Usha wants to design a salwar kameez for school children. Draw and explain how she can use all the five principles of design in this dress. **5**

www.careerindia.com